NSW HEALTH

अगस्त 2007/August 2007
SHPN (CBD) 07/136HI (Hindi)

NSW तपेदिक रोकथाम व नियंत्रण सेवा
NSW Tuberculosis Prevention & Control Service

अदृश्य तपेदिक संक्रमण (LTBI) और इसका निरोधक उपचार

- आपके डाक्टर ने आपको तपेदिक (TB) की रोकथाम के लिए दवाई के एक कोर्स का उपयोग करने को कहा है।
- यह उपचार इसलिए दिया गया है क्योंकि आप का या तो :
  - ट्यूबरक्यूलीन त्वचा परीक्षण (जिसे TST या मैन्टोक्स टैस्ट (Mantoux test) भी कहा जाता है) पाज़िटिव है, या
  - छाती का एक्स-रे असामान्य है,या
  - आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आए हैं जिसे संक्रामक TB है।
- ये स्थितियां संकेत देती हैं कि आप को TB संक्रमण होने की संभावना है जो TB रोग में विकसित हो सकता है।

TB संक्रमण व TB रोग में क्या अंतर है ?

TB संक्रमण:
- TST का पाज़िटिव आना TB संक्रमण का सूचक है।
- जब किसी व्यक्ति को TB संक्रमण होता है तो TB के जीवाणु शरीर में होते हैं, लकिन वे सक्रिय नहीं होते और अन्य लोगों में नहीं फैल सकते।
- अधिकतम केसों में (90-95% लोगों में), शरीर का प्रतिरक्षण तंत्र जीवाणुओं को रोकता है और TB रोग विकसित नहीं होगा।
- केवल TB संक्रमण वाले लोगों में कोई लक्षण नहीं होते और वे ठीक-ठाक महसूस करते हैं।

TB रोग:
- TB संक्रमण वाले लगभग 5-10% लोगों में जब TB निष्क्रिय जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं और बढ़ते जाते हैं तो TB रोग विकसित हो सकता है।
- ऐसा कई वर्षोपरान्त भी हो सकता है, अक्सर जब शरीर का प्रतिरक्षण तंत्र कमज़ोर हो जाता है। यह उम्र बढ़ने, गंभीर बीमारी, नशीली दवा व शराब सेवन, HIV संक्रमण (जिस वायरस से AIDS होती है), या अन्य दशाओं के कारण हो सकता है।

TB संक्रमण	TB रोग
शरीर में TB के निष्क्रिय जीवाणु	शरीर में TB के सक्रिय जीवाणु
TB के कोई लक्षण नहीं	TB के लक्षण जैसे कि खांसी, बुखार, वज़न कम होना
अन्य लोगों में TB के जीवाणु नहीं फैला सकते	TB के जीवाणु अन्य लोगों में फैला सकते हैं
TB संक्रमण के TB रोग में परिवर्तन की रोकथाम के लिए उपचार की आवश्यकता हो सकती है	TB रोग से रोगमुक्त होने के लिए उपचार किया जाना आवश्यक है

TB संक्रमण का क्या उपचार है ?

- TB की रोकथाम के लिए अक्सर दी जाने वाली दवा आइसोनाईज़िड (isoniazid) है, यद्यपि अन्य दवाओं का प्रयोग भी किया जा सकता है।
- ये दवाईयां कम से कम 6 माह तक प्रतिदिन ली जाती हैं, क्योंकि TB के निष्क्रिय जीवाणु मारने में इतना समय लगता है।
- आपको आइसोनाईज़िड के संभव कुप्रभाव रोकने के लिए पाइरीडॉक्सीन (pyridoxine) (विटामिन बी 6) भी दी जा सकती है।

मैं बीमार महसूस नहीं करता /ती, क्या मुझे दवा लेने की आवश्यकता है ?

- चाहे आप बीमार महसूस नहीं करते /तीं, प्रारंभिक अवस्था में TB संक्रमण का उपचार आपके शरीर में विद्यमान TB के जीवाणुओं को मार सकता है, और आपके शरीर में TB रोग विकसित होने से बचा सकता है।
- दवा का पूरा कोर्स लेने वाले अधिकांश लोगों में TB संक्रमण का उपचार TB रोग विकसित होने से बचा सकता है।

क्या TB संक्रमण का उपचार सुरक्षित है ?

- ये दवाईयां सुरक्षित हैं और अधिकतम लोगों को (जिनमें बच्चे भी शामिल हैं) इन्हें लेने से कोई भी समस्या महसूस नहीं होती।
- कुछ लोगों को कुप्रभाव हो सकते हैं जिनमें शामिल हैः
    - पेटदर्द
    - त्वचा या आंखों में पीलापन
    - गाढ़ा पेशाब (काली चाय या कॉफ़ी जैसा)
    - भूख न लगना
    - मितली या उल्टी आना
    - दाने या खुजली
    - बुखार
    - अत्याधिक थकावट
    - हाथों या पैरों की उंगलियों में झनझनाहट

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण या अन्य लक्षण हों जिनके बारे में आप चिंतित हों तो कृपया अपने डाक्टर या नर्स को एकदम सूचित करें। इसका एक बहुत ही विरला लेकिन गंभीर कुप्रभाव जिगर का खराब होना है, इसका बचाव अक्सर आपके चिकित्सक की सतर्क निगरानी में किया जा सकता है।

मुझे दवा कैसे लेनी चाहिए ?

- आपको सारी दवा प्रत्येक दिन एक ही समय खानी /पीनी चाहिए।
- अपनी दवा याद रखने में सहायता के लिए, शायद आपको प्रतिदिन कैलेंडर या डायरी में निशान लगाना उपयोगी लगे, या अपने किसी भी एक खाने से एक घंटा पहले दवा लें।
- यदि आप एक दिन दवा लेना भूल जाएं तो अगले दिन केवल अपनी सामान्य खुराक ही लें (लेकिन अगले दिन दो खुराक न लें)। यदि आप बहुत बार भूल जाएं तो दवा TB के जीवाणुओं को मारने में शायद प्रभावी न हो। यदि आप लगातार दवा लेना भूल जाते हैं तो आपको अपने डाक्टर या नर्स को बताना चाहिए।
- अपनी दवा लेते समय आपको शराब नहीं पीनी चाहिए। कोई भी नई दवा लेने से पहले अपने डाक्टर से जांच करें (जिनमें काऊंटर पर मिलने वाली या सहायक दवाएं शामिल हैं जैसे कि paracetamol), क्योंकि कुछ दवाएं TB रोकने वाली दवा पर असर करती हैं।

क्या मुझे किसी को अपने TB संक्रमण के उपचार के विषय में बताना चाहिए ?

- वे लोग जिन्हें केवल TB का संक्रमण हुआ है उनके द्वारा किसी और को TB नहीं हो सकती, इसलिए यदि आप नहीं चाहते तो किसी को भी काम पर, स्कूल या विश्वविद्यालय में बताने की आवश्यकता नहीं। आप यदि किसी अन्य डाक्टरों के पास जाते हैं तो उन्हें बताना चाहिए और वे यह जानकारी गुप्त रखेंगे।

ध्यान रखने योग्य अन्य बातें

उपर्युक्त बातों के अतिरिक्त:

- यदि आपको कोई अन्य स्वास्थ्य समस्या है या आप गर्भवती होना चाहती हैं तो आपको डाक्टर को बताना चाहिए।
- यह दवा लेते समय आप अपनी सभी सामान्य गतिविधियां जारी रख सकते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए

- दवा लेने की अवधि के दौरान डाक्टर या नर्स आपकी प्रगति की जांच के लिए आपको नियमित रूप से देखेंगे लेकिन यदि आप और अधिक जानकारी चाहते हैं तो अपने स्थानीय छाती संबंधी क्लिनिक से संपर्क करें या अपने डाक्टर के पास जाएं।